C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 6:49 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:56 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 64 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 25 अगस्त 2024

रणबीर ने घर आकर दिया...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चेहल्लुम को लेकर शांति कमेटी की बैठक

नैनीताल। चेहल्लुम को लेकर कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रविवार (आज) को होने वाले यादें हुसैन (चेहल्लुम) को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। जानकारी देते हुए मोहर्रम कमेटी सचिव नाजिम बक्श ने बताया चेहेल्लुम कि तैयारियां पूरी हो गई हैं। शहर में चेहल्लुम के मौके पर आठ ताजिये निकाले जाएंगे। चेहल्लुम के मौके पर ताजियों का जुलूस रॉयल होटल से दोपहर एक बजे शुरू होगा। जो बाजार क्षेत्र से कोतवाली होते हुए देर रात सूखाताल स्थित करबला पहुँचेगा, जहां ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। बैठक में कोतवाल हरपाल सिंह ने यातायात को प्रभावित किए बिना जुलूस निकालने की अपील की। बैठक में समीर अहमद, सहवाज खान, मो. कासिम तथा अजीम व रेहान मौजूद थे।

### महिला पंखे के कुंडे में लटकी मिली

रुद्रपुर। कोतवाली किच्छा की चौकी लालपुर में एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के कुंडे में लटका मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़ शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक लालपुर में बृजलाल पत्नी मनीषा अपने दो बेटियों के साथ किराए पर रह कर लालपुर में सरिया फेक्ट्री में काम करता है। शनिवार को भी बृजलाल फैक्ट्री चला गया। बड़ी बेटी स्कूल चली गई। उसकी उम्र 6 वर्ष है। उससे छोटी बेटी 4 वर्ष की है। बताया जाता है कि मनीषा बेटी को स्कूल छोड़ने के बाद घर आ गई। दोपहर को स्कूल में बच्ची को लेने नहीं पहुंची तो स्कूल से बच्ची को छोड़ने आए स्टाफ ने दरवाजा बंद देखा। कमरा बंद देख तो मकान मालिक पहुंचा। इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा। महिला पंखे के कुंडे में लटकी थी।

# कई जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट, यमुनोत्री हाईवे समेत 146 मार्ग बंद

देहरादून

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड में आज भी मौसम बिगड़ा रहेगा। मौसम विभाग ने देहरादून, उत्तरकाशी और बागेश्वर में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, यमुनोत्री हाईवे फूलचट्टी जानकीचट्टी के बीच कृष्णा चट्टी के पास बंद हो गया है। यहां छोटे वाहनों की आवाजाही जोखिम भरी। बड़े वाहनों की सवारियां पैदल व घोड़े खच्चरों और डंडी से आ जा रहे हैं।

कृष्णा चट्टी के निवासी मां यमुना के पुजारी आशिष उशीष उनियाल ने बताया कि बड़े वाहनों के लिए हाईवे खोलने के प्रयास शुरू किए जा रहे हैं।





फिलहाल छोटे वाहनों को जानकीचट्टी से बड़कोट की ओर निकाला जा रहा है। हाईवे बंद होने से कृष्णा चट्टी से ही श्रद्धालुओं को यमुनोत्री धाम की ओर पालकी ले जा रहे हैं। बारिश के बाद जगह-जगह मलबा आने से 146 मार्ग बंद हो गए। राज्य आपदा परिचालन केंद्र के मुताबिक बंद मार्गों को खोलने का प्रयास किया जा रहा है। रुद्रप्रयाग में 15, उत्तरकाशी में 4, नैनीताल में 2, बागेश्वर में 11, देहरादून में 18, अल्मोड़ा में 4, पिथौरागढ़ में 22, चंपावत में 2, ऊधमसिंह नगर में 2, पौड़ी में 12, चमोली में 37 और टिहरी जिले में 17 मार्ग बंद हैं। देहरादून के दूधली-मोथरोवाला मार्ग में भी जगह-जगह मलबा आया हुआ है। बदरीनाथ हाईवे जगह-जगह अवरुद्ध है। जोशीमठ के समीप सेलंग में पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा आने के साथ ही चीड़ के पेड़ भी टूटकर आ गए, जिससे हाईवे के दोनों ओर करीब 400 तीर्थयात्री फंस गए। नंदप्रयाग के समीप पर्थाडीप और पुरसाड़ी में भी भूस्खलन होने से दिनभर वाहनों की आवाजाही नंदप्रयाग-सैकोट-कोठियालसैंण मार्ग से हुई। बृहस्पतिवार रात को भारी बारिश हुई थी। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे बदरीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग से कंचनगंगा तक जगह-जगह भूस्खलन होने से मलबा आ गया, जिससे हाईवे बंद हो गया था।

बीते रोज दिनभर हाईवे पर वाहनों की आवाजाही नहीं हुई। देर रात फिर बारिश होने पर पुरसाड़ी, मैठाणा, पागलनाला और गुलाबकोटी में मलबा आने से हाईवे सुचारू नहीं हो पाया। शनिवार को दिनभर हाईवे को खोलने का काम जारी रहा, लेकिन शाम साढ़े पांच बजे सेलंग के समीप पहाड़ी से चीड़ के दो पेड़ों संग मलबा हाईवे पर आ गया। इससे देर शाम तक भी हाईवे नहीं खुल पाया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदकिशोर जोशी ने बताया, हाईवे को सुचारू करने का काम जारी है।

राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान-3 को लेकर मन की बात

# मन की बातः बड़ी संख्या में युवा राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं

नई दिल्ली

एजेंसी



मन की बात को 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा 11 विदेशी भाषाओं में भी प्रसारित किया जाता है। इनमें फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी, दारी और स्वाहिली शामिल हैं। मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों द्वारा किया जाता है। मन की बात का पहला कार्यक्रम 3 अक्टूबर 2014 को प्रसारित हुआ था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी रविवार (25 अगस्त) को सुबह 11 बजे मन की बात कार्यक्रम में लोगों से बात की। इस दौरान उन्होंने अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से बात की। उन्होंने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और चंद्रयान-3 को लेकर भी बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत में कितना ही कुछ ऐसा हो रहा है, जो विकसित भारत की नींव मजबूत कर रहा है। जैसे इस 23 अगस्त को ही हम सब देशवासियों ने पहला नेशनल स्पेस डे (राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस) मनाया। पिछले वर्ष इसी दिन चंद्रयान-3 ने चांद के दक्षिणी हिस्से में शिव-शक्ति बिंदू पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी।

भारत इस गौरवपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। पीएम मोदी ने कहा कि इस साल मैंने लाल किले से बिना राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। मेरी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में हमारे युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है।

उन्होंने कहा कि आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है। मैं अपने सभी युवा साथियों को कहूंगा कि इस अभियान से जरूर जुड़ें।

### उत्तराखंड के रक्षित से फोन पर की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में अंतरिक्ष जगत से जुड़े युवाओं से बात की। इस दौरान उन्होंने स्पेस सेक्टर में उत्कृष्ट कार्य कर रहे अल्मोड़ा के रक्षित से फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने स्पेस्टेक स्टार्टअप गेलेक्सी आई के विभिन्न कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।

# हंगामाः पुलिस ने किया पीछा तो बचने को युवक तालाब में कूदा, डूबने से हुई मौत

रुड़की/देहरादून

हमारे संवाददाता

संरक्षित पशु कटान की सूचना पर गोवंश स्क्वायड की टीम ने एक युवक का पीछा किया तो उसने तालाब में छलांग लगा दी। इस दौरान तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया और शव नहीं उठाने दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस के साथ अभद्रता भी कर दी और जमकर नोंकझोक हुई। पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को समझाकर शांत किया और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, गोवंश स्कायड की टीम को रविवार की सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली थी कि गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव के पास एक युवक बाइक पर संरक्षित पशु का मांस लेकर बेचने जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने माधोपुर के पास युवक की घेराबंदी की तो वह बचकर भागने लगा। इस दौरान युवक ने एक तालाब में छलांग लगा दी। तालाब में युवक को छलांग लगाता देख पुलिस के होश उड़ गए।

वहीं मौके पर ग्रामीणों की बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई और हंगामा करना शुरू कर दिया। हंगामे की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। बताया जा रहा है कि इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से जमकर नोकझोंक और हंगामा बढ़ गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस से भी अभद्रता कर दी। पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत किया और युवक के शव को तालाब से निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजना चाहा तो ग्रामीणों ने शव उठाने नहीं दिया। काफी देर तक मौके पर हंगामा चलता रहा। पुलिस के काफी देर समझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए और शव उठाने दिया। उधर, एसपी देहात एसके सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मोनू निवासी सोहलपुर गाडा, रुड़की के रूप में हुई है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# 65 वर्षीय बुजुर्ग पर मासूम के साथ दुष्कर्म का आरोप

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र में 02 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बीडी पांडे जिला चिकित्सालय में बच्ची की जांच व सैम्पल लिए गए है।



जानकारी के मुताबिक नैनीताल के समीपवर्ती क्षेत्र में शनिवार देर शाम बच्ची की मां व अन्य लोग खेत मे काम कर रहे थे। इस दौरान बच्ची की रोने व चिल्लाने की आवाज से बच्ची की मां घर पहुंची तो देखा कि पड़ोसी ने बच्ची को पकड़ा हुआ था। इस दौरान बच्ची की टांगों में रक्त बह रहा था जिससे परिजन घबरा गए। बच्ची को छीनने गई मां के साथ भी 65 वर्षीय बुजुर्ग ने मारपीट कर दी। किसी तरह बच्ची को साथ लेकर परिजन नजदीकी स्वास्थ केंद्र ले गए। जहां से उन्होंने बच्ची को जिला अस्पताल बीडी पांडे भेज दिया। बीडी पांडे अस्पताल में डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल ने बताया कि बच्ची के नमूने लेकर जांच के लिए भेज दिए गए है। पुलिस को भी सूचित कर दिया गया है। नैनीताल पुलिस क्षेत्र अधिकारी सुमित पांडे ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है समाचार लिखे जाने तक जांच जारी थी।

# भाजपा नेत्री के पुत्र से मारपीट मामले में चार गिरफ्तार, पांच फरार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना पंतनगर की मेट्रोपोलिस कालोनी में भाजपा नेत्री के पुत्र के साथ मारपीट के मामले में पुलिस ने हमलावरों में 4 को गिरफ्तार किया है। जबकि 5 आरोपी फरार है। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

गिरफ्तार हमलावरों में मेट्रोपोलिस सोसायटी का उपाध्यक्ष भी शामिल हैं। शनिवार शाम को एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने खुलासा करते हुए बताया कि मेट्रोपोलिस कालोनी निवासी मनमोहन राय पुत्र जगरनाथ राय ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि 18 अगस्त 2024 की रात पुत्र पीयूष भाटिया को कालोनी में रहने वाले कुछ लोगों अपने साथियों से मिल कर गाली गलौज करते हुए बेहरमी से पिटाई कर दी। आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने जान मारने के इरादे से हमला कर दिया। हमलें में उसके पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच जानकारी जुटाई और हमलावरों को चिन्हित करने को सीडीआर का अवलोकन किया गया। घटना को अंज़ाम देने में कौन कौन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रकाश में आए विक्रांत फुटेला पुत्र चंद्र मोहन फुटेला निवासी एच-4 गेट न-12 मेट्रोपोलिस कालोनी, अक्षय फुटेला पुत्र अजय फुटेला निवासी सेंट पीटर स्कुल के पास आवास विकास किच्छा, कपिल हुडिया पुत्र दर्शन लाल निवासी ए-05-02 मेट्रोपालिस कालोनी, विकास गुप्ता पुत्र विजय गुप्ता निवासी ई-109 ग्रीन पार्क यूपी गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि घटना में अवनीश यादव उर्फ छोटू पुत्र वेदराम यादव निवासी भदईपुरा रुद्रपुर,राहुल शर्मा पुत्र तेजप्रकाश शर्मा निवासी भदईपुरा,हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र गुरुमुख सिंह निवासी बिंदुखेडा थाना रुद्रपुर,रिकु चौहन पुत्र राजपाल सिंह निवासी फूलसूगा वनखंडी फेज 4 थाना ट्रांजिट कैंप,पवन शर्मानिवासी ट्रांजिट कैंप के भी नाम प्रकाश में आए। एसपी सिटी ने बताया कि विक्रांत फुटेला मेट्रोपोलिस सोसायटी के उपाध्यक्ष भी हैं। 5 हमलावर फरार है।



उन्होंने बताया कि फरार हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। खुलासा के दौरान आईपीएस अधिकारी एएसपी निहारिका तोमर मौजूद रही। बता दें कि पुलिस को भाजपा नेत्री के पुत्र पर हमला करने वाले आरोपियों को पकड़ने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी सिडकुल प्रदीप कुमार, पंकज पोखरियाल समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



जिले के भीमताल ब्लाक के ब्लाक प्रमुख डा.हरीश सिंह बिष्ट शनिवार को क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर अचानक ज्योलीकोट स्थित न्याय पंचायत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे। इस दौरान ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट ने केंद्र का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद स्टाफ को निर्देश दिए कि वह क्षेत्रीय ग्रामीणों को हर संभव बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराएं।

बता दें कि बीते दिनों हुई बीडीसी बैठक में ज्योलीकोट स्वास्थ्य केंद्र में डाक्टर की कमी समेत केंद्र से जुड़े अन्य मुद्दे जनप्रतिनिधियों की ओर से प्राथमिकता से उठाए गए थे। बैठक के बाद ब्लाक प्रमुख ने मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य महकमे के उच्चाधिकारियों से वार्ता कर केंद्र में डाक्टर भेजने के निर्देश दिए थे,फिलहाल केंद्र में ब्लाक प्रमुख के निर्देश के बाद डाक्टर की तैनाती हो चुकी है। दूसरी ओर ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट ने केंद्र का जनप्रतिनिधियों के साथ केंद्र का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता व स्टाफ की प्रमुख व अन्य जनप्रतिनिधियों ने सराहना की। भविष्य में इसे बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जांच के लिए ब्लाक प्रमुख ने स्वयं व जनप्रतिनिधियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया।

इस दौरान ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे समेत प्रधान शशि चनियाल, रजनी रावत,जानकी चनियाल, अमित कुमार, धर्मेंद्र रावत, शेखर भट्ट,हरगोविंद रावत, राजेंद्र कोटलिया, जीवन चंद्र, सोनू, कुंदन जीना, धीरेंद्र जीना, बीडीओ जगदीष पंत समेत डा. हेमंत मर्तोलिया, एडीओ पंचायत कैलाश गोस्वामी, ग्राम विकास अधिकारी एल डी आर्य समेत कमल कुल्याल तथा स्वास्थ्य केंद्र स्टाफ व जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद रहे।




# बीएलएम एकेडमी में संगीत व नृत्य के साथ श्रेष्ठ सीजन 2 का समापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीएलएम एकेडमी में चल रहे सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रेष्ठ सीजन 2 का संगीत और नृत्य प्रतियोगिता के साथ समापन हुआ ।

बच्चों ने संगीत प्रतियोगिता और आदि प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समूह गायन में परसीयस सदन प्रथम, एक्विला सदन द्वितीय और सिफियस सदन तृतीय स्थान पर रहे। फायरलैस कुकिंग में सीफियस,पर्सीयस,ओरियन सदन,फेस पेंटिंग में एक्विला,सीफियस और पर्सीयस सदन ,समूह नृत्य में ओरियन ,सीफियस और एक्विला सदन क्रमशः प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। निदेशिका सौम्या अग्रवाल, हेड एडमिन एंड एच आर डा अमर सिंह कवर उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर तथा एकेडमिक कॉर्डिनेटर पूनम क्वात्रा ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका नृत्य शिक्षिका वंदना शर्मा थी। कार्यक्रम सफल बनाने में समस्त शिक्षकों ने सहयोग दिया।



# लिटिल फ्लावर स्कूल में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

लालडांठ स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इस मौके पर स्कूल प्रांगण को रंग-बिरंगे फूलों व चुनरियों से सजाकर वृंदावन जैसा आभास कराया गया।

कार्यक्रम में झूले पर राधा-कृष्ण का रूप धरे बच्चे आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक के नाटक एवं महाभारत में द्रौपदी चीर हरण के दृश्य का भी जीवंत प्रदर्शन किया। राधा-कृष्ण के रूप में नन्हें-मुन्हों ने डांडिया की प्रस्तुति दी। इस क्रम में मटकी फोड़ कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाएं लहंगा व शेरवानी में बृजवासी बने हुए थे। उन्होंने भी डांडिया नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

अंत में प्रधानाचार्या शांति जीना ने अध्यापक, अध्यापिकाओं एवं बच्चों की ओर से आयोजित किये गये कार्यक्रम की सराहना करते हुए कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। इस मौके पर पुनर्नवा महिला समिति की पदाधिकारी कल्पना रावत भी मौजूद थीं।

# माँ नंदा देवी महोत्सव के लिए निविदा खोली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल का ऐतिहासिक माँ नंदा देवी मेला से 8 से 15 सितंबर तक आयोजित होगा और उसमें लगने वाली दुकानों व झूलों की निविदा शनिवार को नगर पालिका में प्रशासक केएन गोस्वामी,मुख्य कोषाधिकारी दिनेश राणा सहित गठित टीम के सम्मुख खोली गई। टेंडर में वंदना अग्निहोत्री, साजिद इलेक्ट्रिक वर्क्स रमेश सिंह साजवाण,ठाकुर जी इंटरप्राइजेज व जय शिव शक्ति एंटरप्राइजेज पांचों आवेदकों द्वारा आवेदन किया गया था लेकिन किसी की भी आवेदन प्रक्रिया पूरी नही होने के चलते टीम द्वारा निविदा को निरस्त कर दिया।अब 30 अगस्त को दुबारा से निविदा खोली जाएगी। प्रशासक केएन गोस्वामी ने बताया कि दुबारा से टेंडर अपलोड कर दिए गए हैं और आगामी 30 अगस्त तको निविदा खोली जाएगी। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक शिवराज नेगी,हरीश मेलकानी आदि मौजूद रहे।

बता दें कि इस वर्ष 70 लाख बेस प्राइज रखा गया है।जबकि नंदा देवी महोत्सव के लिए बीते वर्ष झूलों व दुकानों के लिए रमेश सिंह सजवाण का 69 लाख रुपये में टेंडर हुआ था।वही साईं लाईट हाउस को लाईट की व्यवस्था का टेंडर दिया गया।जिसमें पालिका साईं को 4 लाख 95 हजार का भुगतान किया गया था।



## NEWS / फटाफट

### सेंट लॉरेंस स्कूल में कृष्ण-राधा के परिधानों में आए बच्चे




**हल्द्वानी।** सेंट लॉरेंस स्कूल, हल्द्वानी में जन्माष्टमी का उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। हमारे छात्र छोटे कृष्ण और राधा के रूप में रंग-बिरंगे परिधानों में आए, जिससे उत्सव में और भी रंग और आनंद भर गया। बच्चों ने हर पल का भरपूर आनंद लिया, जिससे यह सभी के लिए एक यादगार उत्सव बन गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी माता-पिता, शिक्षकों और छात्रों का आभार जताया

### यूपीएस, पुरानी पेंशन योजना से बेहतर है तो सांसद, विधायक इसे अपनाएं

**हल्द्वानी।** सरकारी कर्मचारियों के लिए नई पेंशन योजना (एनपीएस) में बदलाव कर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) को लागू करना सरकार का कर्मचारियों से छलावा है। सरकार एनपीएस के बाद अब यूपीएस कर्मचारियों पर थोपना चाहती है। यह बात उत्तराखंड पेयजल निगम के कर्मचारी नेता शीतल साह ने कही। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को केवल पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) ही चाहिए। साह ने कहा कि यदि एनपीएस या यूपीएस पुरानी पेंशन योजना से बेहतर है तो सांसद, विधायक और इसे लागू करने वाले स्वयं इस योजना को अपनाएं। उन्होंने कहा कि यूपीएस योजना के अंतर्गत 25 साल की नौकरी करने के बाद 50 फीसदी पेंशन अनुमन्य किये जाने की बाध्यता खत्म होनी चाहिए। कर्मचारियों को नौकरी शुरू होने के साथ ही 50 फीसदी पेंशन देने का प्रावधान होना चाहिए। साह ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों को पुरानी पेंशवन योजना चाहिए, इसके अलावा कोई अन्य योजना नहीं।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय रक्तदान शिविर



**नैनीताल।** सरोवर नगरी में यो पहाड़ फाउंडेशन संस्था की ओर से श्री कृष्ण जन्माष्टमी के विशेष मौके पर दो दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत शनिवार को रक्तदान शिविर के माध्यम से की। शिविर में सागर सोनकर,संतोख बिष्ट,दीपक पल्स,दिनेश पांडे,अभिषेक तिवारी, अर्जुन, लोकेश, अमित, अर्जुन, मीनाक्षी मेहरा व गौरव कफल्टिया ने रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को यो पहाड़ फाउंडेशन ने सम्मानित किया। शिविर को सफल बनाने में डा.सरस्वती खेतवाल,अभिषेक व रवि ने अहम भूमिका निभायी। इस बीच यो पहाड़ फ उंडेशन ने नैनीताल के वाशिंदों से गुजारिश की है कि वह रविवार (आज) अपराह्न दो बजे से आयोजित होने वाले दही हांडी उत्सव में सपरिवार शामिल होकर इस उत्सव की शोभा बढ़ाएं।

### डाकघर ने वापस लिये ओवरराइडिंग वाले पोस्टलआर्डर, नये जारी किए

**हल्द्वानी।** डाकघर से बेचे गये ओवरराइटिंग वाले पोस्टआर्डर वापस ले लिये गये हैं। गौरतलब है कि पिछले दिनों समाजसेवी हेमंत गोनिया ने शहर के हेड पोस्टआफिस से 1100 रुपये के 100 पोस्टल आर्डर खरीदे थे। गोनिया ने जब पोस्ट आर्डर के जरिए आरटीआई के तहत सूचना मांगी तो इनके ओवरराइटिंग होने का पता चला। मुख्यमंत्री कार्यालय से बकायदा इस संबंध में गोनिया को पत्र भेज इस त्रुटि से अवगत कराया गया। इस पर गोनिया ने पोस्टआफिस में संपर्क किया। इसे लेकर खासा हड़कंप मच रहा। इधर बीते दिन पोस्टआफिस की ओर से इस त्रुटि के लिए खेद जताते हुए नये पोस्टल आर्डर उपलब्ध करा दिये गये हैं। इधर डाक विभाग के पोस्टमास्टर गौरव जोशी ने बताया कि पोस्टल आर्डर में हल्की कमी थी, इसमें भुगतान में कोई दिक्कत नहीं होती, हालांकि नये पोस्टल आर्डर जारी कर दिये गये हैं।

# सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



चित्रकला के माध्यम से अपने विचार एवं भावनाओं को व्यक्त करने तथा इसमें बच्चों को कुशलता से विकसित करने के उद्देश्य से आज सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ हल्द्वानी में एक अंतर विद्यालयी पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें कनिष्ठ वर्ग में कु. कनुप्रिया तथा वरिष्ठ वर्ग में कु. नंदनी अग्रवाल ने पहला स्थान प्राप्त किया ड्ड इसी प्रकार वैभव सक्सेना तथा सौम्या ने दूसरा, प्रशांत शेखर व तरुण नायर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता के निर्णायक अर्जिता सेन व अरुणा टंडन थे। देवभूमि सहोदया काम्प्लेक्स द्वारा प्रायोजित यह प्रतियोगिता सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित की गयी थी कनिष्ठ व वरिष्ठ दो वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में गौलापार, रामनगर, नैनीताल समेत हल्द्वानी के दो दर्जन भर स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया ड्ड कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के कनिष्ठ वर्ग के लिए 'हमारी विरासत' विषय पर नैनी वैली की कनुप्रिया प्रथम, सेंट थेरेजा के बैभव सक्सेना दूसरे व ग्रेट मिशन स्कूल रामनगर के प्रशांत शेखर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया जबकि कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के वरिष्ठ वर्ग के लिए 'वन्य जीवों की सुरक्षा' विषय पर स्कालर अकादमिक होम की नंदनी अग्रवाल ने पहला, सरस्वती अकादमी की सौम्या ने दूसरा तथा जसगोविंद स्कूल हल्द्वानी के तरुण नायर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया ड्ड दोनों ही वर्गों में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा पहले तीन स्थानों पर रहे प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व ट्रांफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रधानाचार्य प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, अर्जिता सेन, अरुणा टंडन, महिपाल रौतेला, रश्मि रौतेला,तुलिका रस्तोगी, सुरेश पाल रौतेला, महेश जोशी, डॉ. वेदांत रौतेला आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन करने के साथ हुआ। प्रधानाचार्य डॉ.प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने बताया कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और परिवर्तन के साथ चलकर ही नयी शिक्षा निति के साथ चलना संभव हो सकता है। कार्यक्रम का संचालन इंदु भारद्वाज तथा हिमानी राय ने संयुक्त रूप से किया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नकली शराब की फैक्ट्री पकड़ी, एक गिरफ्तार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड एसटीएफ ने आबकारी विभाग और थाना आईटीआई के साथ संयुक्त कार्रवाई करते एक मकान में छापा मारकर नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। एसटीएफ ने मकान से भारी मात्रा में नकली शराब,कैमिकल, उत्तराखण्ड सरकार के कूटरचित होलोग्राम, गुलाब मार्का के रैपर व रॉ मटैरियल व उपकरण बरामद किया।

एसटीएफ एसएसपी के मुताबिक काशीपुर क्षेत्र में चल रही फैक्ट्री पिछले 1 माह से संचालित हो रही थी। यहां तैयार नकली शराब को जनपद नैनीताल, अल्मोड़ा और ऊधमसिंह नगर के क्षेत्रों में सप्लाई की जाती थी। नकली शराब को बनाने वाले मुख्य अभियुक्त अमनदीप सिंह निवासी काशीपुर के ऊपर पूर्व में उत्तराखण्ड व आबकारी विभाग में मुकदमें दर्ज हैं। अन्य साथियों की एसटीएफ को तलाश है। एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में बढ़ते नशे की प्रवृति की रोकथाम को %ड्रग्स-फ्री देवभूमि अभियान के तहत ड्रग्स व अवैध/नकली शराब के खिलाफ कार्यवाही करने के आदेश पर सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना आईटीआई क्षेत्र में एक मकान में छापा मारकर, अन्दर संचालित हो रही नकली शराब बनाने की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया। उसके खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया। टीम को पिछले काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि जनपद ऊधमसिंह नगर के काशीपुर क्षेत्र में कहीं किसी मकान में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री संचालित की जा रही है। एक गोपनीय सूचना के जरिये उक्त मकान का पता लगा।

जिस पर टीम ने आबकारी विभाग व थाना आईटीआई की टीम को साथ उक्त मकान को घेरकर छापा। मकान के अंदर नकली शराब बनायी जा रही थी। टीम को देखकर एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। मकान के अंदर से भारी मात्रा में गुलाब मार्का की तैयार नकली शराब व कैमिकल ,कच्चा माल व नकली शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये।

मकान में 1 महीने से उसमें नकली शराब की फैक्ट्री चलायी जा रही थी। शराब को बनाने के लिए रॉ मटेरियल व उपकरण यूपी से जिस व्यक्ति द्वारा सप्लाई कराये जा रहे थे। आबकारी काशीपुर टीम मेंइनिरीक्षक सोनू सिंह, कैलाश भट्ट थाना, आईटीआई टीम में एसआई प्रकाश बिष्ट, एएसआई पुष्कर भट्ट आदि मौजूद रहे।



### ये रहे एसटीएफ टीम में शामिल

एसआई केजी मठपाल,एसआई बृजभूषण गुररानी, एएसआई प्रकाश भगत,.मुख्य आरक्षी जगपाल सिंह,मुख्य आरक्षी रविंद्र सिंह बिष्ट,मुख्य आरक्षी गोविंद सिंह बिष्ट,आरक्षी मोहित वर्मा,आरक्षी गुरवंत सिंह,आरक्षी दीपक भट्ट,चालक संजय कुमार आदि रहे।

# अभिमत

## राष्ट्रविरोधी साजिश

*भारत में राष्ट्रविरोधी ताकतें साजिश रच रही हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान को गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा कि देश में कुछ लोग साजिश के तहत यह प्रचार कर रहे हैं कि बांग्लादेश जैसा घटनाक्रम भारत में भी घटित होगा। ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकतें वैधता प्राप्त करने के लिए संवैधानिक संस्थानों को मंच बना रही हैं और देश तोड़ने को तत्पर हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। गंभीर बात यह है कि ऐसे लोग अपने जीवन में उच्च पदों पर रहे हैं।*

बांग्लादेश में सत्ता पलट और हिंसा को लेकर भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। भारत के विभाजन के बाद पाकिस्तान अलग देश बना था। पाकिस्तान दो हिस्सों में बंटा हुआ था। पश्चिमी पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान। पश्चिमी पाकिस्तान में सेना के तानाशाह शासन संभालते थे। पूर्वी पाकिस्तान की उपेक्षा होती थी। पूर्वी पाकिस्तान के लोगों पर जुल्म किया जाता था। बंगबंधु मुर्जीबुर्रहमान ने बंगालियों के खिलाफ आवाज उठाई तो सेना ने कत्लेआम शुरू कर दिया। पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने भारत से हस्तक्षेप की मांग की। भारतीय सेना ने पूर्वी पाकिस्तान को आजाद कराकर अलग बांग्लादेश राष्ट्र का गठन कर दिया। वर्ष 1971 से बांग्लादेश में शासन व्यवस्था सुचारु थी। अब छात्रों के आंदोलन की आड़ में अराजक तत्वों ने सत्ता पलट कर दिया। प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भारत में शरण लेकर जान बचाई। भारत में राष्ट्रविरोधी ताकतें साजिश रच रही हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के बयान को गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने कहा कि देश में कुछ लोग साजिश के तहत यह प्रचार कर रहे हैं कि बांग्लादेश जैसा घटनाक्रम भारत में भी घटित होगा। ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकतें वैधता प्राप्त करने के लिए संवैधानिक संस्थानों को मंच बना रही हैं और देश तोड़ने को तत्पर हैं। ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। गंभीर बात यह है कि ऐसे लोग अपने जीवन में उच्च पदों पर रहे हैं। देश की संसद के सदस्य रहे, मंत्री रहे और उनमें से एक को विदेश सेवा का लंबा अनुभव है। सवाल यह है कि ऐसे जिम्मेदार पदों पर रहे लोग ऐसा भ्रामक प्रचार कैसे कर सकते हैं? देश हित सर्वोपरि है और इससे समझौता नहीं किया जा सकता है। दरअसल बांग्लादेश के घटनाक्रम के बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने दुष्प्रचार शुरू कर दिया कि भारत में भी लोग प्रधानमंत्री के आवास पर कब्जा कर सकते हैं। हालांकि ऐसा संभव नहीं है, फिर भी सतर्क रहने की जरूरत है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कहना सही है कि जिम्मेदार पदों पर रहे लोग राष्ट्रविरोधियों को उकसाते हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने बांग्लादेश के घटनाक्रम पर गैरजिम्मेदाराना तथा शर्मनाक बयान दिया। इससे पहले समुदाय विशेष के पूर्व उपराष्ट्रपति ने साम्प्रदायिक वक्तव्य दिया था। भारत के करोड़ों हिन्दुओं ने समुदाय विशेष के फिल्मी कलाकारों को लोकप्रिय बनाया, उन्होंने भारत में असहिष्णुता और डर लगने की बात कही। कुछ संगठनों ने ऐसे लोगों को पाकिस्तान जाने की सलाह दी। भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति का दुष्प्रचार करने वालों को लोग बांग्लादेश जाने की सलाह दे रहे हैं। सरकार को राष्ट्रविरोधी बयान देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई पर गंभीरता से अमल करना चाहिए।

## ड्यूटी पर लापरवाही बरतने पर कांस्टेबल को तत्काल सस्पेंड करने के आदेश



**नैनीताल।** सरोवर नगरी में प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल बीते रोज शनिवार को शहर की यातायात व्यवस्था का दौरे पर निकले। तल्लीताल डॉट पर ट्रैफिक जाम की स्थिति एवं ड्यूटी पर तैनात चीता मोबाइल में कांस्टेबल अनूप सिंह यातायात व्यवस्था सम्भालने के बजाय मोटरसाइकिल में बैठकर मोबाइल में बात करने में मस्त देख एसएसपी मीणा द्वारा ड्यूटी पर लापरवाही बरतने पर उक्त कांस्टेबल को तत्काल सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। साथ ही तल्लीताल थाना प्रभारी रमेश बोरा सहित सभी राजपत्रित अधिकारियों को यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने एवम अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी के प्रति लापरवाही न बरतें हेतु कड़े निर्देश दिए हैं।

# जन्माष्टमी पर्व को लेकर रंगारंग कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय नैनीताल तथा समीपवर्ती स्कूलों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर बच्चों में गजब का उत्साह देखने को मिला। बच्चों की ओर से पर्व के मद्देनजर कई आकर्षक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी का भरपूर मनोरंजन किया गया।

नगर के प्रतिष्ठित सेंट जॉन्स विद्यालय में नन्हे मुन्ने बच्चों ने बहुत सुन्दर श्री कृष्ण और राधा जी के रूप में बहुत सुंदर कृष्ण लीला की प्रस्तुति दी। नन्हें मुन्ने बच्चों ने कृष्ण बनकर हांडी तोड़कर माखन खाया। लोअर नर्सरी से प्रथम स्थान में अलीशा, द्वितीय स्थान में आदया तथा तृतीय स्थान में मायरा और अपर नर्सरी से प्रथम स्थान तन्मय द्वितीय स्थान यशिका और तृतीय स्थान वैष्णवी इसी क्रम में केजी क्लास से प्रथम स्थान रिद्धिमा द्वितीय स्थान इनायत और तृतीय स्थान सक्षम को प्राप्त हुआ। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या विनीता रावत समेत पूनम बिष्ट, ज्योति, अनीता, आशा, मोनिका, किरण, लता, शाहीन, रूचि, पल्लवी समेत विक्रम रावत, संजय, तुलसी, रेनू एवं समस्त स्टाफ ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

महर्षि विद्या मंदिर ताकुला में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय प्रांगण की गयी सजावट मनमोहन थी मानो जैसे कि हम मथुरा में उपस्थित हो। विद्यालय के प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे व शिक्षकगणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं के द्वारा कृष्ण राधा झांकी तथा छोटे-छोटे बच्चों द्वारा कृष्णा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता व विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान सुदामा व कृष्ण मिलन का मनमोहन नाट्य छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें कृष्ण की भूमिका आयुष्मान कनवाल, सुदामा का किरदार तन्मय मेहरा जबकि रुक्मणी का किरदार उन्नति गढ़िया तथा दरबारियों का किरदार चिराग मेहरा, दिव्यांशु, दैविक बिष्ट, लक्ष्य बिष्ट, कार्तिक धामी, आरुष नैनवाल, चिराग बिष्ट, लोकेश कुमार तथा ललित मोहन जोशी इत्यादि द्वारा किया गया। यह नाटक की प्रस्तुति देखकर महर्षि विद्या मंदिर के अंदर मौजूद सभी लोगों की आंखें भर आई। प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे द्वारा सभी बच्चों को जन्माष्टमी का महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक हरीश सिंह बिष्ट, दीपा बिष्ट, दीपिका गैलाकोटी, खष्टी सिजवाली, मोनिका भट्ट, रेखा भट्ट, लक्ष्मी जोशी, प्रियंका आर्या, हिमानी आर्या व हर्षित जोशी आदि लोग मौजूद रहे। अंत में प्रधानाचार्य निर्मल पाण्डे ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# फिल्मी दुनिया

## रणबीर ने घर आकर दिया था इस फिल्म में काम करने का ऑफर



*अभिनेत्री कंगना रणौत ने बताया कि रणबीर कपूर उनके पास संजू फिल्म में रोल करने का प्रस्ताव लेकर आए थे, जिसे करने से उन्होंने मना कर दिया था। अभिनेत्री कंगना रणौत ने अब रणबीर कपूर को लेकर बयान दिया है। कंगना का कहना है कि उनके पास संजू फिल्म में काम करने का ऑफर आया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। मालूम हो कि इस फिल्म का निर्देशन राजकुमार हिरानी ने किया था। कंगना रणौत ने एक हालिया साक्षात्कार में बताया कि खुद रणबीर कपूर ही उनके पास संजू में काम करने का प्रस्ताव लेकर आए थे। उन्होंने कहा कि रणबीर ने उनके घर आकर कहा था, प्लीज, संजू में रोल कर ले। सिद्धार्थ कन्नन से हुई बातचीत में कंगना ने बताया कि वो जिन लोगों को सार्वजनिक रूप से कुछ-कुछ कह चुकी हैं या उनके दिए ऑफर को ठुकरा चुकी है, उससे उनके पेशेवर जीवन पर किसी तरह का फर्क नहीं पड़ता है। कंगना ने यह तो बताया कि रणबीर उनके लिए रोल लेकर आए थे, लेकिन यह नहीं बताया कि वो कौन-सा रोल था। बता दें कि संजू में रणबीर कपूर के अलावा अनुष्का शर्मा, दीया मिर्जा और सोनम कपूर ने भी अभिनय किया था। कंगना रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल की भी आलोचना कर चुकी हैं।*

### सलमान की इन फिल्मों का भी ठुकराया था ऑफर

*इसी साक्षात्कार में कंगना ने यह भी बताया था कि वो सलमान खान की फिल्म बजरंगी भाईजान और सुल्तान का ऑफर भी ठुकरा चुकी हैं। कंगना की नई फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर, 2024 को रिलीज होगी। यह फिल्म आपातकाल की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें कंगना रणौत पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आएंगी। इसका निर्देशन कंगना रणौत ने ही किया है। फिल्म में दिवंगत सतीश कौशिक, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और अनुपम खेर समेत कई कलाकारों ने अभिनय किया है।*

# यूनिवर्सल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

यूनिवर्सल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी में बीते दिवस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा राधा कृष्ण का स्वरुप धारण कर कृष्ण लीला का मंचन किया गया व साथ ही श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

जिससे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मटकी फोड़ प्रतियोगिता रही। इस आयोजन के दौरान विद्यालय के उप प्रधानाचार्य महोदय पीडी पलड़ियाद्वारा विद्यार्थियों को विस्तार से श्रीकृष्ण के जीवन दर्शन और कृष्ण सुदामा मित्रता के महत्व से अवगत कराया गया ।

इस आयोजन के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया मंजू जोशी ने सभी विद्यार्थियों से भगवान श्रीकृष्ण जी के आदर्शों पर चलने व उनके द्वारा दिए गए उपदेशों से सीख लेने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक महोदय सुनील जोशी, प्रधानाचार्या मंजू जोशी, उप प्रधानाचार्य महोदय पीडी पलड़िया, समन्वयक एचएसबोरा, कंचन पंत एवं समस्त शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



News कॉर्नर

## मॉल रोड पर मारपीट का एक वीडियो वायरल

**नैनीताल।** नैनीताल की मॉल रोड पर मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में साड़ी पहन कर घूम रहा युवक एक युवक के साथ मारपीट कर रहा है। इस दौरान पर्यटक सड़क से आवाजाही भी करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि सोशल मीडिया में वायरल एक वीडियो में साडी पहने एक युवक का दूसरे युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। वीडियो मॉलरोड में पर्यटन कार्यालय के समीप का बताया जा रहा है। हांलाकि विडियो कब का है यह साफ नहीं हो पाया है लेकिन वीडियो वायरल होने के बाद लोग पुलिस की व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

## कूड़ा डालने का विरोध प्रदर्शन,कूड़ा लेकर पहुंचे वाहनों को रोका

**रुद्रपुर।** विधि विज्ञान प्रयोगशाला के समीप खाली जमीन पर नगर निगम द्वारा डाला जा रहा कूड़े को लेकर आस पास के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने कूड़े के वाहनों को भी रोका। बता दें कि विधि विधान प्रयोगशाला के समीप खाली जमीन पर नगर निगम द्वारा कूड़ा जा रहा है। वहां पर कूड़ा काफी एकत्रित हो गया। रविवार को आस पास के दर्जनों लोग एकत्रित होकर वहां पहुंचे और उन्होंने कूड़ा डालने का विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने निगम के खिलाफ आक्रोश जताया। लोगों का कहना था कि विगत कई दिनों से नगर क्षेत्र का कूड़ा, वाहनों से डाला गया। लोगों का कहना था कि जिस जगह पर कूड़ा उधर से निकलना दूभर हो गया। बीमारी फैलने की आशंका जताते हुए कूड़ा न डालने को कहा। विरोध प्रदर्शन की सूचना पर पूर्व विधायक राजकुमार ठकराल के भाई संजय ठुकराल भी पहुंचे।

# रुद्रपुर में बृज महोत्सव में कृष्ण भक्ति की धूम, थिरके छात्र-छात्राएं

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

काशीपुर बाई पास रोड एक होटल के सभागार में संस्कार भारती की ओर से आयोजित ब्रज महोत्सव में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं पर आधारित विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ होने से पूर्व ब्रज महोत्सव का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा,क्षेत्र संगठन मंत्री वनवासी कल्याण आश्रम डाल चंद, कार्यक्रम अध्यक्ष भारत भूषण चूघ, संस्कार भारती अध्यक्ष कुशल अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान संस्कार भारती के अध्यक्ष कुशल अग्रवाल,महामंत्री सुनील शुक्ला एवं



कोषाध्यक्ष विमला रानी ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का विधिवत स्वागत किया। इस मौके पर विधायक शिव ने कहा कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में सर्वाधिक प्राचीन सभ्यताओं में गिनी जाती है। श्री कृष्ण के उपदेशों पर आधारित गीता संसार की सभी प्रकार की समस्याओं को दूर करने का मार्ग प्रशस्त करती है।विधायक अरोरा के मुताबिक भारत के तीज त्यौहार एवं यहाँ की गौरवशाली परंपराओं को दुनिया के अन्य देशों के लोग भी तेजी से आत्मसात कर रहे हैं।विधायक अरोरा ने युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए उन्हें सनातन धर्म का योद्धा बताते हुए भारत को पुन: विश्व गुरु की पदवी पाने के लिये युवाओं की भूमिका अहम बताई।ब्रज महोत्सव में जूनियर व सीनियर आयु वर्ग में विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने श्री कृष्ण द्वारा बाल्यकाल से लेकर जीवन पर्यंत की गयी लीलाओं को नृत्य कला किया।कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने संस्कार भारती द्वारा आयोजित ब्रज महोत्सव को युवाओं को संस्कारवान बनाने में अमूल्य सहयोग देने वाला बताया।उन्होंने समाज से भगवान श्री कृष्ण के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। ब्रज महोत्सव मे स्कूली बच्चों ने "गोविंद बोलो हरि गोपाल बोलो" "कान्हा सोजा जरा", "राधा कैसे न जले," वो है अलबेला मद नैनों वाला, "सपनो में रात में आया मुरलीवाला रे," "मधुवन में राधा", "सो जा जरा गोपियों की विनती है कान्हा" आदि कृष्ण भक्ति पर आधारित गीतों पर नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति दी। बृज महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी स्कूली बच्चों को संस्कार भारती द्वारा पुरुस्कार वितरित किये गये।इस दौरान पंकज अग्रवाल, बीएल चोमवाल, विमल मेहरा,युगराज रघुवंशी, विमल मेहरा,राजकुमार बिंदल, हरवीर चौधरी,अशोक सागर, रश्मि रस्तोगी,शालिनी बोरा कनिका चूघ, ममता त्रिपाठी,दीपा जोशी,रवि अग्रवाल, प्रमोद मित्तल,आदि थे। कार्यक्रम का सफल संचालन शैली बंसल एवं विमल मेहरा ने किया।

# युवक को दबंगों ने डंडों से पीटा मुकदमा दर्ज न करने का आरोप

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर में आज कल दबंगों की दबंगई अधिक देखने को मिल रही है यहां टीपी नगर पुलिस चौकी क्षेत्र में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है जो सीसीटीवी कैमरे में ऐड हो गया है यहां बता दे की मामूली विवाद पर एक युवक को दबंगों ने लाठी डंडों से इतना पीटा की युवक अधमरा हो गया।

घटना की वीडियो सामने आने के बाद ही घायल युवक का पिता इंसाफ के लिए पुलिस के अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। 6 अगस्त को हुई घटना के बाद से अभी तक इस मामले में पुलिस मामला दर्ज करना तो दूर मामले की जांच तक नहीं कर पाई. पीड़ित के पिता ने आरोप लगाया है कि मारपीट करने वाले लोग ऊंची पहुंच रखते हैं और पुलिस उनके दबाव में काम कर रही है जिसके चलते पुलिस



अभी तक मुकदमा नहीं लिख रही है।

रामपुर रोड निवासी शोभाराम असवानी ने पुलिस तहरीर देते हुए कहा है कि 6 अगस्त को उसका दत्तक पुत्र सागर रावत गाड़ी से रुद्रपुर से आ रहा था। इस दौरान गन्ना सेंटर के पास उसकी कार के आगे एक बाइक सवार आ गया जब ड्राइवर ने सड़क पर से बाइक हटाने की बात कही तो बाइक सवार आग बबूला हो गया इसी के चलते बाइक सवार के बीच विवाद हो गया इस दौरान बाइक सवार ने उसके पुत्र सागर रावत के साथ जमकर मारपीट करना शुरू कर दि यहां तक की दबंगों ने लाठी डंडों से इतना पीटा की वह अधमरा हो गया। यही नहीं उसके पुत्र को जब होश आया तो उन्होंने उसको दौड़ा-दौड़ा कर पीटा जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

शोभाराम सीसीटीवी में कैद फुटेज को लेकर अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है लेकिन अभी तक किसी ने भी उसकी फरियाद नहीं सुनी है ऐसे में उसका विश्वास पुलिस के ऊपर से उतरता नजर आ रहा है अब वह इसकी गुहार मुख्यमंत्री पोर्टल में करने की सोच रहा है।

**दबंगई**
- सीसीटीवी में घटना कैद, इंसाफ के लिए पिता लगा रहे पुलिस के अधिकारियों के चक्कर
- निराश होकर अब सीएम पोर्टल में शिकायत करने की कही बात

# लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में मनाया राष्ट्रीय अतंरिक्ष दिवस

भीमताल

हमारे संवाददाता

लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार से प्रस्ततितियां दी गई। कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा हिन्दी व अग्रेंजी में कविता पाठ और खेल-खेल में चांद तथा अंतरिक्ष के माध्यम से चन्द्रमा और अंतरिक्ष को समझ ने की कोशिश की। कक्षा छठी सेआठवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा चित्रों व पोस्टर के माध्यम से चन्द्रमा और अंतरिक्ष को चित्रित किया। कक्षा नौवीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों ने विचारों और भाषणों से इस विशेष दिवस को समझने का प्रयास किया। इस अवसर पर वि द्यालय के प्रधानाचार्य एसएसनेगी द्वारा सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ने और भविष्य के वैज्ञानिक बन देश के अंतरिक्ष विज्ञान को ऊंचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश राठौर, डॉ. श्वेता नैलवाल एसएस बिष्ट, गजुंन शर्मा , कंचन जोशी और यशोदा आर्या द्वारा किया गया।



# 36वीं क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं आर्चरी खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ



नैनीताल

हमारे संवाददाता

पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र द्वारा आयोजित 36वीं क्षेत्रीय बैडमिंटन एवं आर्चरी खेल कूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया गया। बता दें कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विद्या भारती पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के मंत्री और इस आयोजन के पर्यवेक्षक शत्रुधन सिंह राठौर तथा क्षेत्रीय खेलकूद संयोजक सत्यपाल जी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में 32 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं जो बैडमिंटन और आर्चरी में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि ये खेल न केवल शारीरिक फि टनेस को बढ़ावा देते हैं बल्कि छात्रों में धैर्य, ध्यान और अनुशासन जैसे महत्वपूर्ण गुणों का विकास भी करते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता के प्रभारी निपेंद्र कुमार और सह प्रभारी वरुण कुमार हैं जिनके साथ निर्णायक मंडल में हेमंत उपाध्याय, नवीन कुमार, रवि कुमार, सीमा, राजीव कुमार, योगेश, अम्बरीश, सोनम व रेणु शामिल हैं। आर्चरी प्रतियोगिता के प्रभारी विक्रांत और सह प्रभारी तरुण हैं जबकि निर्णायक मंडल में प्रार्थना सोलंकी और भावना शामिल हैं। इससे पूर्व पीपीजे के भैया हिमांशु ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को ईमानदारी से खेल खेलने की शपथ दिलाई।शुभारंभ समारोह में सभी प्रतिभागी छात्रों के कोच और संरक्षक आचार्य भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन निपेंद्र कुमार ने किया तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

## एक दिवसीय कार्यशाला

**नैनीताल।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी हरीश चंद्र पंत के निर्देशन में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत आरकेएसके काउंसलर एवं ब्लॉक आशा समन्वयक के साथ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. गणेश धर्मसतू की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला में सर्वप्रथम एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन सिंह मेहरा द्वारा एनसीडी के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्य एवं इसकी रूपरेखा पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई ।

# पूर्व विधायक शुक्ला ने डीएम से की मुलाकात

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने जिलाधिकारी उदयराज सिंह से मुलाकात की और नगला नगर पालिका,सिरौली कला क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने नगला नगर पालिका क्षेत्र से हाल ही में अलग किए गए पंतनगर विश्वविद्यालय परिसर, हल्दी, संजय कॉलोनी, मस्जिद कॉलोनी को पुन: नगला नगर पालिका में शामिल रखने की मांग की है साथ ही किच्छा नगर पालिका



से अलग किए गए सिरौली कला को दोबारा नगर पंचायत बनाने की मांग की। इस दौरान पूर्व विधायक शुक्ला ने अपनी आपत्ति पत्र में उल्लेख किया कि उत्तराखंड सरकार ने उनके अनुरोध पर नगला, पंतनगर,हल्दी क्षेत्रों को मिलाकर नगला नगर पालिका का गठन किया था। हाल ही में सरकार ने इन क्षेत्रों को नगला नगर पालिका से अलग करने का निर्णय लिया, जिस पर उन्होंने आपत्ति जताई है। शुक्ला ने बताया कि पंतनगर क्षेत्र जो पहले त्रिस्तरीय पंचायत के विकास से अछूता था, अब नगर पालिका के तहत आने के बाद सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहा था। इन क्षेत्रों को पुन: अलग करने से यहां के निवासियों को आवश्यक सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा। शुक्ला ने किच्छा नगर पालिका से अलग किए गए सिरौली कला क्षेत्र को पुन: नगर पंचायत का दर्जा देने की भी मांग की है।

# स्टार्टअप बिजनेस मॉडल विषय से संबंधित दो दिवसीय प्रतियोगिता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

केयूआईसी व कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल द्वारा स्टार्टअप बिजनेस मॉडल विषय से संबंधित दो दिवसीय प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता के दौरान प्रो. आशीष तिवारी निदेशक केयूआईआईसी के द्वारा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में प्रतिभागियों द्वारा बनाए गए बिजनेस मॉडलों का प्रस्तुतिकरण किया गया जबकि प्रतियोगिता के दूसरे दिन सभी प्रतिभागियों द्वारा अपने-अपने बिजनेस मॉडलों को चार्ट एवं पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया गया, जिसमें



सलाहकार समिति के सदस्य प्रो. दिव्या उपाध्याय जोशी निदेशक एमएमटीसी समेत प्रो. अमित जोशी एमबीए भीमताल परिसर और प्रो. आरती पंत वाणिज्य विभाग डीएसबी परिसर के द्वारा प्रतिभागियों के विभिन्न प्रकार के बिजनेस मॉडलों का मूल्यांकन किया गया तत्पश्चात उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझाव बिजनेस मॉडल से संबंधित स्टार्टअप और सेलस से सम्बन्धित सुझाव दिए गए। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत निखिल बिष्ट, हर्षिता रैखोला, हर्षवर्धन, मनीषा कांडपाल, निशा बोरा, भाविका बोरा और कशिश आदि के द्वारा एकीकृत कृषि प्रणाली ऑनलाइन प्लेटफ र्म, कुमाऊं कार्ट, सेलिब्रेटिंग उत्तराखंड लिगसी ऑनलाइन, डिटॉक्सिफिकेशन टूर और कलर चेंजिंग पैकेजिंग रिगार्डिंग एक्सपायरी डेट रिलेटिव टू प्रोडक्ट्स से संबंधित प्रपोजल प्रस्तुत किए गए। अंत में केयूआईआईसी के सदस्य प्रो. गीता तिवारी द्वारा सफ ल आयोजन के लिए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन डॉ निधि वर्मा द्वारा किया गया ।